भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3388
21 मार्च, 2023 को उत्तर देने के लिए

कृषि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां

3388. श्री एस. रामलिंगम:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु राज्य में फलों के निर्यात के लिए समर्पित कृषि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की संख्या कितनी है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उपलब्ध कराई गई शीत श्रृंखला जैसी सामान्य अवसंरचना सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान तमिलनाडु में स्वीकृत, आबंटित, जारी और खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) विशेष रूप से त्रिची, तंजावुर, तिरुवरूर, मयिलादुथुरई और नागपट्टिनम जिलों में विशेष रूप से फलों खासकर केला, आम, अनार और पपीते के निर्यात के लिए की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) सरकार द्वारा फलों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आरंभ की गई योजनाएं/कार्यवाही/नीति क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने अपनी खाद्य प्रसंस्करण/परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार (यूनिट) योजना के तहत तमिलनाडु में 32 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को सहायता प्रदान की है। इनमें से 9 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां, अन्य बातों के साथ-साथ, फल प्रसंस्करण में लगी हुई हैं। इसके अलावा, तमिलनाडु में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) और पादप संरक्षण संगरोध और भंडारण निदेशालय (**डीपीपीक्यू और एस**) द्वारा मान्यता प्राप्त फलों/सब्जियों के लिए एकीकृत सुविधाओं वाले 11 पैकहाउस हैं, जो फलों के निर्यात के लिए समर्पित हैं।

(ख) और (ग): एकीकृत शीत शृंखला और मूल्य संवर्धन योजना के तहत , वर्ष 2021-22 तक पिछले पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में एमओएफपीआई द्वारा 13 शीत शृंखला परियोजनाओं की सहायता की गई। इन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत और जारी की गई राशि सहित परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ): तमिलनाडु से फलों के निर्यात के लिए एपीडा द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

(i) एपीडा-चेन्नई ने दिनांक 07.02.2022 को 'तमिलनाडु और इसकी संभावित कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की खोज' पर भारत-जापान वेबिनार का आयोजन किया, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ लाल केले, केले के मूल्य वर्धित उत्पादों, आम और इसके मूल्य वर्धित उत्पादों, अनार पर ध्यान केंद्रित किया गया।
(ii) एपीडा-चेन्नई ने बागवानी निदेशालय, तमिलनाडु के सहयोग से दिनांक 17.05.2022 को आम क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित किया।
(iii) एपीडा ने आईसीएआर-एनआरसीबी (राष्ट्रीय केला अनुसंधान केंद्र)-त्रिची के सहयोग से दिनांक 21.12.2022 और दिनांक 22.12.2022 को त्रिची में "जीआई और पारंपरिक केले का निर्यात" पर राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया।
(iv) एपीडा चेन्नई तमिलनाडु में विभिन्न 'होर्टीनेट' और 'मैंगोनेट' प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

(ङ): फल उत्पाद सहित प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे प्रमुख कदम/उपाय नीचे दिए गए हैं:

(i) निर्यात हब के रूप में जिला (डीईएच) योजना को ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) के आधार पर कार्यान्वित किया जा रहा है।

(ii) एमओएफपीआई द्वारा वैश्विक खाद्य चैंपियन बनाने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लागू की जा रही है। प्रसंस्कृत फल और सब्जियां उत्पाद पीएलआई योजना के अंतर्गत आने वाले खाद्य खंडों में से एक हैं। भारतीय खाद्य उत्पादों की वैश्विक दृश्यता बढ़ाने के लिए योजना के तहत ब्रांडिंग और मार्केटिंग समर्थन भी प्रदान किया जा रहा है।

(iii) एपीडा ने फलों के निर्यात सहित निर्यात बढ़ाने के लिए कई उपाय भी किए हैं, जैसे:

- मिशनों/दूतावासों के साथ सहयोग।
- वर्चुअल ट्रेड फेयर और क्रेता-विक्रेता बैठकों का आयोजन।
- जीआई उत्पादों का निर्यात संवर्धन
- उत्पाद प्रचार बैठकें और वेबिनार नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।
- संवेदीकरण/क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करना

*****

अनुबंध

"कृषि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों" के संबंध में 21 मार्च, 2023 को लोक में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3388 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2021-22 तक पिछले 5 वर्षों के दौरान तमिलनाडु में सहायता प्राप्त शीत श्रृंखला परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	परियोजना का नाम	ज़िला	सहायता अनुदान की अनुमोदित राशि (₹ करोड़)	जारी अनुदान की राशि (₹ करोड़)
1.	मार्बल वैली फूड्स एंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड	तिरुनिवेली	8.24	8.24
2.	एबीटी इंडस्ट्रीज लिमिटेड	कोयंबटूर	6.30	6.30
3.	हटसन एग्रो प्रोडक्ट लिमिटेड	कांचीपुरम और पालाकोड	10.00	10.00
4.	आची मसाला फूड्स प्रा लिमिटेड	तिरुवल्लुर	8.14	8.14
5.	मानसून बाउंटी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग प्रा लिमिटेड	तिरुवल्लुर	3.42	3.42
6.	कोकोलैंड एग्रो प्रा. लिमिटेड	कोयंबटूर	2.43	2.43
7.	द सलेम जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	सलेम	1.43	0.36
8.	स्वामी चिकन प्राइवेट लिमिटेड	डिंडुगल	9.82	9.82
9.	शांति फीड्स प्राइवेट लिमिटेड	डिंडुगल	9.90	9.90
10.	शिवशक्ति मिल्क डेयरी	इरोड	5.04	3.28
11.	जीआरबी डेयरी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	डिंडीगुल	6.53	1.55
12.	गामा टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	तूतीकोरिन	6.26	4.06
13.	एबीसी फल	कृष्णागिरी	10.00	6.25
		कुल	**87.51**	**73.75**

*****